सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।
ओशो

मूल्य ₹ 4.00

# दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अखबार

कुल 34 पेज | 18 पेज + सिटी भास्कर 4 पेज + डीबी स्टार 12 पेज (निःशुल्क), बाल भास्कर ऐच्छिक मूल्य ₹ 7.00

दैनिक भास्कर MOBILE APP आपका मोबाइल buddy!

dainikbhaskar.com | रायपुर | शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015, वैशाख, कृष्ण पक्ष-6, 2072


## पहले गुड न्यूज

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई**| टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

## IPL-8 : नतीजा

### चेन्नई सुपरकिंग्स ने दिल्ली डेयरडेविल्स को 1 रन से हराया



**मैच विनर** नेहरा 25 रन पर 3 विकेट

**आज का मैच**
किंग्स इलेवन Vs राजस्थान रॉयल्स
(रात 8.00 बजे से)

## न्यूज इनबॉक्स

### सिन्हा ने ली छत्तीसगढ़ के चीफ जस्टिस की शपथ



**रायपुर**| छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट के नवीन सिन्हा नए चीफ जस्टिस बन गए। राजभवन में उन्हें गुरुवार को राज्यपाल बलरामजी दास टंडन ने शपथ दिलाई। वे छत्तीसगढ़ के नवें चीफ जस्टिस हैं। इस मौके पर सीएम डॉ. रमन सिंह, पूर्व सीएम अजीत जोगी, विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल आदि मौजूद थे।।

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**| गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस के मौके पर सीआरपीएफ हेडऑफिस में एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला गया। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की ही थी। जबकि उसमें 4 सवार थे।

### शियोमी ने 12 घंटे के भीतर 2.12 लाख फोन बेचे

**बीजिंग**|चाइना स्मार्टफोन कंपनी शियोमी ने बुधवार को 12 घंटे के अंदर अपने 2.12 लाख स्मार्टफोन बेचे है। इसके लिए उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। एशिया के सात देशों में इस स्मार्टफोन की बिक्री हुई थी।

### बीएसएफ को मिले दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली**| बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एमआई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### रिलायंस ने लॉन्च किया वाट्सएप की तरह जीयो चैट

**नई दिल्ली**| रिलायंस ने वाट्सएप की तरह जीयो चैट को लॉन्च किया है। यह एंड्रायड और ओएस फ्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त में एसएमएस करने का ऑफर भी दे रही है।

### 1,000 रु. न्यूनतम मासिक पेंशन योजना स्थगित

**नई दिल्ली**| ईपीएफओ ने 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना इस महीने से स्थगित कर दी है। फैसले से करीब 32 लाख पेंशनर प्रभावित होंगे। अब पुरानी दर से पेंशन मिलेगी। 8 माह पहले पेंशन एक हजार की गई थी।

### सूरत जेल में नारायण साई को कैदी ने जड़ा थप्पड़

**सूरत** | दुष्कर्म मामले के आरोपी नारायण साई को सूरत की जेल में एक कैदी ने थप्पड़ जड़ दिया। घटना बुधवार देर शाम लाजपोर जेल में हुई। जेल में नार्कोटिक्स मामले में सजायाफ्ता कैदी बबलू ऊर्फ परिंदा भी बंद है। सजा के बाद से मानसिक रूप से परेशान बबलू ने सामान्य कहासुनी के बाद नारायण साई को थप्पड़ मार दिया।

**विमान के पहिए पर बैठकर डेढ़ घंटे यात्रा की** पेज-16

# आईना दिखाया तो बुरा मान गए: जोगी, मैं क्यों मानूं, बुरा तो उनको लगा: भूपेश

## नान घोटाले को लेकर कांग्रेस के पूर्व सीएम और पीसीसी अध्यक्ष के बीच दूसरे दिन भी तनातनी, संगठन चुनाव से पहले पार्टी में नया मोड़

**भास्कर न्यूज | रायपुर**

नान घोटाले के बहाने कांग्रेस के दो प्रमुख नेता पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी और प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल की लड़ाई सतह पर आ गई है। लगातार दूसरे दिन दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर जमकर तीर चलाए। मुद्दे की बात अब व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गई है। राजभवन में चीफ जस्टिस के शपथ ग्रहण समारोह के बाद जोगी ने मीडिया के सामने भूपेश पर सीधे हमला बोल दिया। उन्होंने दो टूक कहा-खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे। इसके जवाब में जोगी की पुरानी राजनीति के संदर्भों का उल्लेख करते हुए भूपेश ने पलटवार किया-क्या हम भागवत सुनें, संन्यास ले लें। उल्लेखनीय है कि जोगी ने लोकसभा चुनाव के समय संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था।

### जानिए, जोगी और भूपेश ने क्या कहा एक-दूसरे को

**जोगी का कटाक्ष**

1. वैसे तो मैं पार्टी के आंतरिक मामलों पर कुछ टिप्पणी नहीं करता हूं। पर मेरा नाम लेकर बोला गया है इसलिए मैं केवल इतना कहना चाहूंगा। उर्दू की दो लाइने हैं, कि आईना उनको दिखाया तो बुरा मान गए।

2. दूसरी एक कहावत है कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे। अब इन दो बातों में आप निहितार्थ लगा लीजिए। मैं इससे ज्यादा नहीं कहना चाहूंगा।



**भूपेश का पलटवार**

1. मुझे क्यों बुरा लगेगा। बुरा तो उनको लगा होगा। बयान तो मैं आज भी दे रहा हूं और न्यायालय जाने की बात वे कल कह रहे हैं। मैं पहले ही यह बोल चुका हूं। वे कोई आईना दिखाने का काम नहीं कर रहे हैं।

2. राजनीतिक व्यक्ति, राजनीतिक पार्टी होने के नाते क्या हम जनता की लड़ाई छोड़ दें। क्या भागवत सुनने जाएं, कि भजन सुनने जाएं या कि संन्यास ले लें।

**एक दिन पहले**

जोगी ने कहा था : अब बयानबाजी का समय निकल गया। रोज बयान देते रहेंगे, इससे कुछ नहीं होगा। अब हमको न्यायालय जाना चाहिए।

भूपेश ने कहा था : सरकार के खिलाफ बयान देने पर जोगी जी को तकलीफ क्यों होती है। कोर्ट भी जाएंगे, बयानबाजी भी करेंगे।

### रमन की चुटकी : झूठ के पैर नहीं होते

कांग्रेस नेताओं के आरोपों पर जब मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से बात की गई तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि यह कांग्रेस की अंदरुनी लड़ाई है। जहां तक नान मामले की बात है, किसी भी बात को 100 बार कहें या हजार बार। झूठ के पैर नहीं होते।

### अमित ने कहा-जोगीजी ने सिर्फ सलाह दी

भाटापारा। भाटापारा पहुंचे अमित जोगी ने कहा कि जब मप्र का व्यापम घोटाला कोर्ट जा सकता है तो नान घोटाला क्यों नहीं? भूपेश-अजीत जोगी के बयान के मसले पर अमित ने कहा कि श्री जोगी ने सिर्फ सलाह दी है। अब संगठन इस पर निर्णय ले।

# मंगला आरती तक रात रही गुलाम...



**वाराणसी**| बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की रवायत-ओ-तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

# सहकारी बैंक में खाता है तो होगी आपकी जांच

## सीईओ का आदेश, हर खाताधारी को देना होगा एड्रेस और आईडी प्रूफ

**असगर खान | रायपुर**
@reporterasgar

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

सहकारी बैंक में अगर आपका खाता है तो तय मानिए की इसकी जांच होगी। इसके लिए आपको आईडी और एड्रेस प्रूफ देना होगा। राजधानी में तीन सहकारी बैंक शाखाओं के 21 खातों में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के अवैध ट्रांजेक्शन के बाद बैंक प्रबंधन ने सभी शाखाओं को मिलाकर दो लाख से ज्यादा खातों की जांच कराने का फैसला लिया है। तीन शाखाओं में अरबों के अवैध ट्रांजेक्शन के खुलासे के बाद रिजर्व बैंक और नाबार्ड सख्त हो गया है। इन शाखाओं के डेढ़ दर्जन से ज्यादा अफसर-कर्मचारी इस मामले में निलंबित हुए हैं। कस्बों की शाखाओं में बड़ी संख्या में फर्जी खाते होने का अंदेशा है।

रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद और बलौदाबाजार जिलों की 59 शाखाओं में यह जांच पहले होगी। जिन बैंक शाखाओं के खाते जांचे जाएंगे, उनमें रायपुर के सहकारी बैंक मुख्यालय, न्यू मंडी और रामसागरपारा शाखाएं भी शामिल हैं। शेष | पेज 9

### आईडी नहीं तो खाते फ्रीज

सभी दो लाख खातों के लिए नियम बना दिया गया है कि जिसने भी आईडी-एड्रेस प्रूफ समेत मांगे हुए दस्तावेज जमा नहीं किए, उनके खाते फ्रीज कर दिए जाएंगे। अर्थात दस्तावेज जमा करने तक वे इन खातों का संचालन नहीं कर सकेंगे। अर्थात, ऐसे खातों से किसी तरह का लेन-देन नहीं हो सकेगा। **समय सीमा तय नहीं** : खातेदार के लिए फिलहाल केवायसी दस्तावेज जमा करने की समयसीमा तय नहीं है। शाखा प्रबंधकों को केवल सख्ती से यही हिदायत दी गई है कि वे जल्द से जल्द से दस्तावेज जमा कर वेरिफिकेशन करवा लें।

(संबंधित खबर पेज-3 पर भी पढ़ें)

**सत्यम घोटाला** | दोनों भाइयों समेत सभी 10 आरोपी दोषी

# राजू को 7 साल की जेल 5.5 करोड़ का जुर्माना

- निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे थे तब
- राजू ने खुद गड़बड़ी का खुलासा किया था

**एजेंसी|हैदराबाद**

कार्पोरेट जगत को हिलाकर रख देने वाले 14 हजार करोड़ रु. के सत्यम घोटाले में छह साल बाद फैसला आ ही गया। कंपनी के तबके मालिक बी. रामालिंगा राजू को 7 साल जेल की सजा हुई है। साथ ही 5.5 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

राजू के भाई बी. रामा राजू समेत बाकी नौ आरोपियों को भी 7-7 साल की सजा दी गई है। जुर्माने की रकम 25 लाख रुपए तक है।

यह देश का सबसे बड़ा अकाउंटिंग घोटाला था। कॉरपोरेट जगत को हिला देने वाले इस घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने 7 जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ कर फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। खाते में 7,000 करोड़ की गड़बड़ी की गई थी। खुलासे के दो दिन बाद ही राजू और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया था। फैसले के वक्त सभी आरोपी कोर्ट में थे। उन्हें फौरन हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। अब तक सभी जमानत पर थे।

**पांच साल पहले राजू ने कहा था- 'हमें नहीं पता था कि शेर का निवाला बने बिना उस पर से उतरा कैसे जाए...'**



**अब भी ठाठ बाकी** : फैसले से पहले कोर्ट पहुंचे रामालिंगा राजू। कार का दरवाजा खोलने के लिए दो लोग मौजूद थे।

### स्पिनिंग मिल से जेल तक का सफर

- आंध्र प्रदेश के किसान परिवार के राजू का पहला कारोबार स्पिनिंग और वीविंग मिल का था। कंपनी का नाम था श्री सत्यम।
- **1987 में 20 कर्मचारियों के साथ मिलकर सत्यम कंप्यूटर बनाई। 1992 पब्लिक लि. बनी। अमेरिका तक में लिस्टेड हुई।**
- कारोबार 66 देशों में फैला था। साख ऐसी बनाई कि सत्यम कंप्यूटर्स को 2002 में एशिया बिजनेस लीडर का अवॉर्ड मिला।
- **2001 और 2003 में भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। तब शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्ल्ड बैंक ने किसी भी तरह के लेन-देन पर आठ साल की पाबंदी लगाई थी।**
- जुलाई 2009 में नीलामी के वक्त सत्यम को महिंद्रा ने खरीद लिया। 21 मार्च 2012 को दोनों कंपनियों के बोर्ड की मंजूरी के बाद टेक महिंद्रा में महिंद्रा सत्यम का विलय हो गया।

### कॉर्पोरेट जगत में बेईमानी का दूसरा बड़ा मामला

- **राजू और उनके भाई धारा 409 (विश्वासघात), 120-बी (साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ अन्य धाराओं में दोषी।**

**23 साल पहले हर्षद मेहता केस** : मेहता ने 1992 में जनवरी से अप्रैल के बीच 90 कंपनियों के 28 लाख शेयर खरीदे। फिर बेच दिए। बाजार का 1 लाख करोड़ डूब गया। मेहता पर 27 केस चले। एक में दोषी ठहराए गए। 2001 में हिरासत में ही मौत हो गई।

राजू दो महीने के भीतर हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दे सकते हैं। वहां भी उनके खिलाफ फैसला हुआ तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

**लीना मंगत ने की थी पहली शिकायत** : सत्यम के खिलाफ सिकंदराबाद की लीना मंगत ने पहली शिकायत दर्ज कराई थी। लीना ने कहा था कि उन्होंने रिटायरमेंट पर मिले पैसे में से 19 हजार रुपए सत्यम में लगाए थे। लेकिन कंपनी की गड़बड़ियों के कारण डूब गए।

# चंदन तस्कर एनकाउंटर मामले में शीर्ष कोर्ट का दखल से इनकार

### कोर्ट ने कहा : याचिका दायर करने पर कर सकता है विचार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश में 20 कथित चंदन तस्करों के मारे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद पहल करते हुए जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया है। तमिलनाडु के एक वकील ने इसका आग्रह किया था। एडवोकेट आर. कृष्णमूर्ति ने कोर्ट से आग्रह किया कि आंध्र प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को तस्कर बताकर निर्दोष लोगों का एनकाउंटर किया। कोर्ट सीबीआई या एसआईटी जांच का आदेश दे। इस पर बेंच ने कहा कि वह तभी ऐसा कोई आदेश दे सकती है जब इस संबंध में कोई याचिका दायर करे।

### मद्रास हाईकोर्ट ने दिए छह शव संरक्षित रखने के आदेश

**चेन्नई** |तमिलनाडु में इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन जारी रहा। मृतकों के परिजन और राजनीतिक दल जांच की मांग कर रहे हैं। छह मृतकों के परिजनों ने शव लेने से ही इनकार कर दिया। मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार तक छह शव संरक्षित रखने का आदेश दिया।

# चीनःसालभर में खत्म करेंगे 22 हजार गाड़ियां ताकि प्रदूषण रुके



चीन के झेजियांग प्रांत के यिवु में 22 हजार गाड़ियां कबाड़ घर में जमा की गई हैं। ये वो गाड़ियां है जो इस शहर में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रही थीं। इन्हें सालभर में नष्ट कर दिया जाएगा। यिवु चीन के सबसे प्रदूषित शहरों में से हैं।

**देश में आदेश पर बवाल**
नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया था कि दिल्ली में 10 वर्ष पुरानी डीजल गाड़ियों को बैन किया जाए। सरकार ने 100 गाड़ियां जब्त कर ली है। अब ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने हड़ताल की धमकी दी है।

# रोमिंग कॉल 23 फीसदी और मैसेज 75% तक होगा सस्ता

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दूरसंचार नियामक ट्राई ने मोबाइल कंपनियों के लिए अधिकतम दर की सीमा घटा दी है। इससे रोमिंग पर कॉल करना अब 23% तक सस्ता हो जाएगा। इसी तरह लोकल एसएमएस भेजना भी 75% तक सस्ता होगा। इसके लिए सिर्फ 25 पैसे लगेंगे। एक रुपया नहीं। नई दरें एक मई से लागू होंगी। ट्राई ने लोकल कॉल की अधिकतम दर एक रुपए प्रति मिनट से घटाकर 80 पैसे प्रति मिनट की है। एसटीडी कॉल की अधिकतम दर 1.5 रुपए से घटाकर 1.15 रुपए प्रति मिनट तय की है। ट्राई ने पहले लोकल कॉल्स के लिए 65 पैसे और एसटीडी के लिए एक रुपया अधिकतम दर का प्रस्ताव दिया था।

**नई कॉल दरें एक मई से होंगी लागू**

**भास्कर ख़ास** | देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टर्स ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका

# सीने में छोटा सा छेद किया और बदल गया हार्ट वॉल्व


**समीर राजपूत |अहमदाबाद**

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांस केथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसिजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। इस प्रोसिजर में भी कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। लेकिन अहमदाबाद के डॉक्टरों ने इसी प्रोसिजर में थोड़ा बदलाव करते हुए वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### बिना सर्जरी इस तरह से बदला वॉल्व

**82 साल के मरीज के फेफड़े और गुर्दे बेहद कमजोर होने के कारण डॉक्टरों को ओपन हार्ट सर्जरी और टीएवीआर करने में आ रही थी परेशानी**

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल में डॉक्टरों ने टीएवीआर प्रोसिजर में थोड़ा सा बदलाव किया है। अस्पताल के निदेशक डॉ. धीरेन शाह के मुताबिक 82 वर्ष के मरीज का वॉल्व बदलना था। मरीज के फेफड़े-गुर्दे कमजोर हो चुके थे। इसलिए ओपन हॉर्ट सर्जरी में जोखिम था। दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज भी था। लिहाजा जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचाया जा सकता था। लिहाजा ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसिजर बदलते हुए मरीज के दिल के ऊपरी हिस्से अयोटा के ऊपर महज दो सेंटीमीटर का छेद किया। इसके जरिए ओयटा तक ट्रांस केथेटर पहुंचाया और अंदर बलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। इस तरह से वॉल्व बदलने का यह देश में पहला मामला है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल वॉल्व बदलने के लिए की जाती हैं।




बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का यह पहला मामला है।
**-डॉ. समीर दाणी,**
**कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर**

इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई देता हूं।
**-डॉ. अतुल माथुर,**
**कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली**

# ट्रिपलआईटी में 80 हजार रुपए होगी वार्षिक फीस

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश के सभी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (ट्रिपलआईटी) में अब बैचलर कोर्स में एक समान फीस लगेगी। ट्रिपलआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में यह फैसला हुआ। अभी देश में 11 ट्रिपलआईटी चल रहे हैं, जबकि तकरीबन दर्जनभर और ट्रिपलआईटी स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार अभी ट्रिपल आईटी में फीस को लेकर एकरूपता नहीं थी। कोई बीटेक कोर्स का एक लाख फीस ले रहा था तो कोई पचास हजार। इसमें एकरूपता लाने की कोशिश की गई है। यह तय किया गया है कि सभी ट्रिपलआईटी प्रति सेमिस्टर 40 हजार रुपए फीस रखेंगे। इस प्रकार सालाना फीस 80 हजार रुपए होगी। गौरतलब है कि आईआईटी में सालाना फीस 90 हजार रुपए है जबकि एनआईटी में 70 हजार है।

**अब तक अलग-अलग थी फीस**

वर्ष 27 | अंक 178 | राजधानी | दैनिक भास्कर समूह | 14 राज्य | 58 संस्करण | • दैनिक भास्कर मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली | पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | उत्तराखंड | झारखंड | जम्मू-कश्मीर | बिहार • दिव्य भास्कर गुजरात | महाराष्ट्र • दैनिक दिव्य मराठी महाराष्ट्र • dna गुजरात | राजस्थान • 94.3 MY FM 7 राज्य | 17 स्टेशन